संख्या-112/2022/101/ 71-2002/58/2019

प्रेषक,

आलोक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उ०प्र० शासन।

सेवा में,

(1) निदेशक, संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
(2) निदेशक, डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 **लखनऊ : दिनांक 07 सितम्बर, 2022**

विषय:- संजय गाँधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ एवं डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के वैयक्तिक सहायक एवं निजी सचिव के वेतनमानों (ग्रेड पे एवं पे लेवल) में एम्स नई दिल्ली की भाँति संशोधन किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–पी0जी0आई0/अधि0/313/2021, दिनांक 10.07.2021 एवं संख्या-1463/डा0रा0म0लो0आ0सं0/2021, दिनांक 31.07.2021 का कृपया सनदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिनके माध्मय से एस0जी0पी0जी0आई0 एवं डा0रा0म0लो0आ0सं0, लखनऊ के वैयक्तिक सहायक एवं निजी सचिव के वेतनमान (ग्रेड पे एवं पे लेवल) एम्स नई दिल्ली की भाँति संशोधित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान , नई दिल्ली के कार्यालय आदेश F- 12/50/ 2009-Estt.(RCT) दिनांक 09.04.2021 के द्वारा किये गये सचिवीय संवर्ग के वेतन पुनरीक्षण के क्रम में संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ तथा डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ (एस0जी0पी0जी0आई0 से समानता के आधार पर) के सचिवीय संवर्ग के वेतनमान का पुनरीक्षण निम्नवत् किये जाने की स्वीकृति राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते हैं :-

Existing pay scales			Revised pay scales at par AIIMS, New Delhi		
S.N	Name of Post	Pay Scale	Name of Post	Revised Pay scale	Eligibility condition
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**
1(a)	Personal Assistant	Level 6 in the Pay Matrix (Pre-revised PB-2 Rs.9300-34800 4200 Grade Pay)	Personal Assistant	Rs.6500-10500 w.e.f.15.09.2006 (Level 7 as per 7 th PC)	-
1(b)		-	Personal Assistant	PB-2 Rs.9300-34800+Rs4600 Grade Pay w.e.f.01.01.2006 (Level 7 as per 7 th PC)	-
2(a)	Private Secretary	Level 7 in the Pay Matrix (Pre-revised PB-2 Rs.9300-34800 4600 Grade Pay)	Private Secretary	Non Functional scale of Rs.8000-275-13500 w.e.f. 03.10.2003	Private Secretaries on completion of 4 years of approved service in that grade, subject of vigilance clearance. The Private Secretaries who are granted this non-functional pay scale of Rs.8000-13500 will continue to remain in Group"B" and their eligibility for promotion to the post of Principal Private Secretary in the pay scale of Rs.10000-15200 will be reckoned on the

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

					basis of total period of service spend in both the pay scales (Rs.6500-10500 and Rs.8000-13500) of Private Secretary, counted together.
2(b)		-	Private Secretary	PB-2 Rs.9300-34800+Rs4800 Grade Pay w.e.f. 01.01.2006 (Level 8 as per 7 th PC)	-
2(c)		-	Private Secretary (NFSG Grade)	Non-Functional Pay Scale of PB-3 Rs.15600-39100+Rs.5400 Grade Pay w.e.f. 01.01.2006 (Level 10 as per 7 th CPC)	As per condition mentioned above in column No.6

3- उपर्युक्तानुसार सचिवीय संवर्ग के वेतनमान का पुनरीक्षण आदेश निर्गत होने की तिथि से प्रभावी माना जाएगा तथा उक्त के उपरान्त कोई एरियर देय नहीं होगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3-218/दस-2022-23 दिनांक 05.09.2022 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

कृपया तदनुसार अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(आलोक कुमार)
प्रमुख सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक उपर्युक्तानुसार</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0।
4. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
5. संबंधित कोषाधिकारी, लखनऊ।
6. संबंधित संस्थान के वित्त अधिकारी/वित्त नियंत्रक।
7. वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-3
8. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
9. गार्ड

आज्ञा से,

(मुमताज अहमद सिद्दीकी)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in